# हिंदी साहित्य समिति

हिन्दी साहित्य समिति, सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज का एक अभिन्न अंग रही है। इस समिति की स्थापना सन् 1971 में विद्यालय की सेवानिवृत्त अध्यापिका डॉक्टर यास्मिन सुल्ताना नकवी जी द्वारा किया गया था। हिन्दी साहित्य समिति का मुख्य..उद्देश्य छात्रों के मन में मातृभाषा के प्रति जागरूकता एवं प्रेम को बढ़ावा देना है। हिन्दी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने छात्रों को हिन्दी भाषा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के कई अवसर प्रदान किए हैं।

इस वर्ष दिनांक 28/08/2024 को हिन्दी समिति ने कक्षा 6 से 12 के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया साथ ही कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

दिनांक 02/09/2024 को हिन्दी समिति ने कक्षा 6 से 12 के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने अपने लेखन कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस वर्ष दिनांक 14/09/2024 को हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर हिन्दी समिति द्वारा एक विशेष प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी भाषा के महत्व एवं इसकी प्रमुखता को बताया गया। इस विशेष प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में हिन्दी के गौरवशाली इतिहास एवं भारतीय संस्कृति के विकास में इसके योगदान को भी बताया गया

यूँ तो हिन्दी साहित्य समिति हमारे विद्यालय में अपने प्रमुख कार्यक्रम 'रजनीगंधा' के लिए प्रसिद्ध है किन्तु इस वर्ष विद्यालय में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा के कारण इस कार्यक्रम का आयोजन न हो पाया।

आज हिन्दी साहित्य समिति अपने प्रयासों द्वारा विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा एवं साहित्य पर गर्व करवाने में सक्षम रही है। समिति की सफलता का पूर्ण श्रेय हमारे सभापति डॉ. मनोज कुमार सिंह को जाता है जिनके हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम और लगाव के कारण हमारी समिति के उद्देश्यों की पूर्ति हो पाई है। आशा है कि यह समिति आने वाले समय में भी इसी प्रकार कुशलतापूर्वक कार्य करती रहेगी और विद्यालय में हिन्दी भाषा और साहित्य का सबसे मजबूत स्तंभ बनकर खड़ी रहेगी।

(अजय राज शर्मा)
(अध्यक्ष हिंदी समिति)

समिति पदाधिकारी 2024–25
समापतिः डॉ0 मनोज कुमार सिंह
अध्यक्षः अजय राज शर्मा
उपाध्यक्षः प्रणव त्रिपाठी
महासचिवः देव पाण्डेय
उप सचिवः अन्य मिश्रा
कोषाध्यक्षः आराध्य श्रीवास्तव

